रासायनिक खाद और बीज का संकट... पृष्ठ 2 | निगम के 3 कर्मचारी सेवानिवृत, सहायक ... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 01 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 251, पृष्ठ 08, मूल्य 3 रुपए

## बिना अनुमति जलाशय से पानी चोरी ! प्रशासन मौन क्यों ?

### न्यू लुक बायो फ्यूल्स कंपनी को बचा रहा प्रशासन, नेताओं की मिलीभगत से कार्रवाई ठप

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** इंदावानी जलाशय से अवैध रूप से पाइपलाइन के माध्यम से पानी खींचने का मामला सामने आने के बाद भी जिला प्रशासन अब तक चुप्पी साधे बैठा है। न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्लांट द्वारा बिना किसी सरकारी अनुमति के जलाशय से डायरेक्ट पानी ले जाने की साजिश रची गई, लेकिन इसके उजागर होने के बावजूद न तो कंपनी को नोटिस दिया गया और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई है।

ग्रामीणों के विरोध और वायरल ऑडियो से पूरा मामला सामने आया, जिसमें कंपनी के मैनेजर प्रदीप मिश्रा ने खुलासा किया है कि इस अवैध कार्य में टेड़ेसरा सरपंच, मंडल भाजपा अध्यक्ष , जिला पंचायत सदस्य और कोपेडीह सरपंच तक शामिल हैं। आरोप है कि सभी को कंपनी से पैसे मिले हैं, ताकि ग्रामसभा न हो और पाइपलाइन बिछाने का काम रात में





गुपचुप तरीके से किया जा सके। वायरल ऑडियो के अनुसार, बिना अनुमति के पाइपलाइन बिछाने का रास्ता सोमनी टीआई ने सुझाया और उसकी निगरानी में रात में खुदाई का काम हुआ। ग्रामीणों को भनक न लगे, इसके लिए काम रात में करवाया जा रहा है।

सूत्रों की मानें तो न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्लांट में कांग्रेस और बीजेपी दोनों के बड़े नेताओं का निवेश है, जिस कारण जिला प्रशासन पर दबाव बना हुआ है और कार्रवाई नहीं हो पा रही। यह संदेह अब गहराता जा रहा है कि नेताओं की सांठगांठ और प्रशासन की निष्क्रियता से यह अवैध जल दोहन का मामला दबाने की कोशिश की जा रही है। अब सवाल उठता है - जब मामला उजागर हो चुका है, सबूत सामने हैं, तो जिला प्रशासन किसका इंतजार कर रहा है ? क्या बड़े नेताओं के निवेश के चलते प्रशासन की आंखों पर पर्दा पड़ा है ? या फिर यह मामला भी अन्य घोटालों की तरह फाइलों में दफन हो जाएगा ?

## अमिताभ जैन बने रहेंगे चीफ सेक्रेटरी सेवा विस्तार को केंद्र ने दी मंजूरी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव फिलहाल अमिताभ जैन ही बने रहेंगे। इस बाबत सोमवार की दोपहर हुई कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। केंद्र सरकार ने अमिताभ जैन को सेवा विस्तार देने के फैसले पर सहमति जता दी है। सोमवार को मुख्य सचिव अमिताभ जैन को विदाई दी जानी थी। और मुख्य सचिव पद की दौड़ में तीन नाम सबसे आगे बताए जा रहे थे। पहला 1992 बैच के सुब्रत साहू, दूसरा 1993 बैच के केंद्र में प्रतिनियुक्त अमित अग्रवाल और तीसरा नाम 1994 बैच के मनोज पिंगुआ का था। लेकिन दोहर बाद जो निर्णय आया उसने सभी को चौंका दिया। आईएएस की सर्विस में आने के बाद अमिताभ जैन की पहली पोस्टिंग अविभाजित मध्यप्रदेश के जबलपुर में सहायक कलेक्टर के रूप में हुई। अमिताभ जैन यहां 1 जून 1990 से 1 अगस्त 1991 तक पदस्थ रहे। दूसरी पोस्टिंग उनकी एसडीएम नीमच के रूप में एक अगस्त 1991 से 1 जुलाई 1993 तक रही। फिर वे छत्तीसगढ़ के सरगुजा में प्रोजेक्ट अधिकारी बनकर पदस्थ हुए। 1 मार्च 1994 से 1 जून 1996 तक ग्वालियर में एडिशनल कलेक्टर रहे। एक जून 1996 को ही ग्वालियर में सीईओ बन गए। सीईओ के रूप में अमिताभ जैन की पदस्थापना 1997 तक रही। कलेक्टर के रूप में अमिताभ जैन को पहली पदस्थापना 1 फरवरी 1997 को रायगढ़ जिले में मिली। कलेक्टर के रूप में अमिताभ जैन को दूसरा जिला छतरपुर मिला। फिर वह होशंगाबाद के कलेक्टर रहे। वे राजगढ़, नीमच जिले में भी पदस्थ रहें। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ कैडर चुन लिया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले में हुए दो बार कलेक्टर के रूप में पदस्थ रहे। उनकी पहली पोस्टिंग राज्य बनने के साथ ही 1 नवंबर 2000 को हुई थी। 15 दिसंबर 2003 तक के कलेक्टर रायपुर रहे। उनकी दूसरी पोस्टिंग 21 मार्च 2004 को फिर से रायपुर कलेक्टर बने। छत्तीसगढ़ शासन के कई विभागों में सचिव, प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव का भी पदभार अमिताभ जैन ने संभाला। उन्होंने राज भवन में रहने के अलावा वित्त सचिव, वाणिज्य, उद्योग, लोक निर्माण, जनसंपर्क,आबकारी, वाणिज्यिक कर, वन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, गृह जेल परिवहन, जल संसाधन विभागों में पदस्थ रहकर कार्य किया है। अमिताभ जैन डायरेक्टर पब्लिक रिलेशन इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, आयुक्त जनसंपर्क, सचिव कर्मशियल टैक्स, संयुक्त सचिव औद्योगिक विकास निगम रहें।

## राष्ट्रीय व्यापार दिवस मनाया - कैट



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** यहां आयोजित व्यापारी संगठन कैट के कार्यक्रम में अधिवक्ता विष्णु साव ने साहू समाज के परम आराध्य एवं प्रेरणा स्रोत दानवीर भामाशाह की महिमा बताते हुए प्रशंसा बटोरी। बड़ी बात यह है कि दानवीर भामाशाह की जयंती को छत्तीसगढ़ में जगह-जगह राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी दिशा निर्देश में आज दानवीर श्री भामाशाह की जयंती को कैट ने राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अधिवक्ता विष्णु साव, कमल किशोर साहू, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे, वरिष्ठ पत्रकार ईश्वर साहू, शरद अग्रवाल (अध्यक्ष अग्रवाल समाज), राजेश डागा, आलोक बिंदर, अमित खंडेलवाल अध्यक्ष यंग्स क्लब), संजय तेजवानी, सुरेश पंजवानी, मो. अनीश, मो. नईम आदि उपस्थित थे।

## चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय में सिटी स्कैन मशीन पहुंची

### विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह की पहल और सांसद संतोष पांडे के लगातार प्रयास सफल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय में बहुप्रतीक्षित सिटी स्कैन मशीन आज पहुंच गई। मेडिकल कालेज के डीन डॉ.पंकज मधुकर लुका एवं हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ.अतुल देशकर के दिशानिर्देश पर डॉ पवन जेठानी के मार्गदर्शन में हॉस्पिटल के एक्सरे डिपार्टमेंट के करीब सिटी स्कैन मशीन को स्थापित किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल में लंबे समय से सिटी स्कैन मशीन की मांग की जा रही थी। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह जी की पहल और सांसद संतोष पांडे जी के लगातार प्रयास से यह संभव हो पाया। अब हॉस्पिटल में पहुंचने वाले मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर की तरफदौड़ लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वहीं हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ.अतुल देशकर ने बताया कि सिटी स्कैन को 15 जुलाई तक स्थापित कर सिटी स्कैन का कार्य आरंभ कर दिया जायेगा।



## श्री बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा जल संरक्षण, वृक्षारोपण ब्रह्मांड कल्याण हेतु व अन्य धार्मिक विषयों पर होगी





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जैसा कि सभी शिवभक्तों धर्म प्रेमियों संस्कारधानी वासियों को विदित है कि विगत 4 वर्षो से श्री बागेश्वर धाम मंदिर में श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा शिव जी की भक्तिमय, भावपूर्ण,जन कल्याण हेतु कांवड़ यात्रा, शिवभक्तों द्वारा मिलकर निकाली जाती है ।जो कि परंपरानुसार वर्ष 2025 में भी पवित्र सावन माह में 14,21,28 जुलाई व 04 अगस्त को निकाली जावेंगी ।जिस हेतु अयोजन की रूपरेखा विषय थीम हेतु आवश्यक बैठक श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन में आयोजित हुए जिसकी जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, सूरज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, राजेशशर्मा, सौरभ खंडेलवाल, मयंक शर्मा ने बताया कि बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा जो कि धार्मिकता, सामाजिक संदेश, राष्ट्र प्रेम वीरसैनिको, जनकल्याण, खेलो खिलाडियों के प्रोत्साहन,नारी शक्ति, राष्ट्र ध्वज तिरंगा, रक्षा बंधन, आदि विषय थीम पर निकाली जाती रही है



जिसका, उद्देश्य, धार्मिकता के साथ जनकल्याण देश के समाज के सम-सामायिक विषयों का संगम कर जन समान्य के कल्याण हेतु भी रहता है । बैठक का संचालन करते हुए बताय कि पंकज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष बागेश्वर धाम में प्रमुख रूप से हरित कांवड़ यात्रा ब्रम्हाण्ड के कल्याण के लिए निकाली जावेगी, जिसके नाम से ही निदित है कि देश हरा-भरा रहें जलवायु ब्रम्हांड संतुलन रहें ।वर्तमान में जो कि अनिवार्य रूप से आवश्यक है ।जल ही जीवन है, जल संरक्षण करें,वृक्ष लगाओं जीवन बचाओं, राक्षस रूपी प्लास्टिक का उपयोग न करें ।इस प्रकार संपूर्ण ब्रम्हाण्ड की सुरक्षा के भाव व संदेश से यह हरित कांवड़ यात्रा निकाली जावेगी ।जिसमें वक्ताजनों मे प्रमुख रूप से, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री विष्णु साव, राकेश ठाकुर, शनिधाम, राजेश गुप्ता वैश्य समाज, श्रीमती किरण अग्रवाल समाज सेवी, गायत्री परिवार के हरीश गांधी, पयार्वरण सरंक्षक से निंकुज सिंघल, मनोहर जी चंदेल, मयंक शर्मा, बालरत्न मंच से सौरभ खंडेलवाल, श्रीमती आशा गुप्ता, शरद गुप्ता, (दाऊजी) कृष्ण गुप्ता, कसौंधन वैश्य समाज से, समाज सेवी शैलेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता नाराण कन्नौजे, कैलाश हुका, नवीन अग्रहरि अग्रहरि समाज से, राजेश शर्मा पूर्व सैनिक संघ से, आदि ने अपने-अपने विचार रखें तथा सावन माह को पूर्ण भक्तिभाव से मानने का निर्णय लिया ।दो भागों में चली बैठक का आभार प्रदर्शन, सूरज गुप्ता, सौरभ गुप्ता, द्वारा किया गया ।इस बैठक में प्रमुख रूप से वेणु गोपाल सारडा, महेश शर्मा श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, अजय गुप्ता, हरिश भानुशाली, जतिन भाई पटेल, श्रीमती शीतल पटेल, दिनेश अग्रवाल श्रीमती अन्नु गुप्ता, हरीप्रसाद गुप्ता, रूपनारायण गुप्ता, श्रीमती मीना गुप्ता, यशोदा गुप्ता, अरूणा गुप्ता, शोभा गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर धाम सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई ।

## किसान-जवान-संविधान जनसभा में संजीव शुक्ला को सोशल मीडिया प्रभारी की अहम जिम्मेदारी

**रायपुर (नांदगाँव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में होने जा रही किसान-जवान-संविधान जनसभा् की तैयारियों को लेकर अहम नियुक्ति की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज के निर्देश पर श्री संजीव शुक्ला को इस जनसभा के लिए प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह जनसभा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार को डिजिटल प्लेटफॉर्म



पर व्यापक रूप देने हेतु संजीव शुक्ला को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश कांग्रेस संगठन सचिव (संगठन एवं प्रचार) श्री लक्ष्मी सिंह मेघ ने आदेश जारी करते हुए कहा कि श्री शुक्ला समस्त सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से किसान, जवान और संविधान से जुड़े जनहित मुद्दों को जनसभा के माध्यम से प्रभावशाली तरीके से लोगों तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। आदेश में यह भी निर्देश दिया गया है कि प्रदेश कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई समेत पार्टी की सभी अनुषांगिक संगठनों के सोशल मीडिया संयोजक श्री शुक्ला से समन्वय करते हुए प्रचार-प्रसार को सफल बनाएं।

### विधानसभा अध्यक्ष आज राजनांदगांव जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परमालकसा पहुंचकर शाला प्रवेश उत्सव एवं भूमि-पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे ग्राम परमालकसा से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव पहुंचकर नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 3 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे। वे शाम 6 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6.10 बजे गायत्री विद्यापीठ केसर नगर राजनांदगांव पहुंचकर युवा योग कार्यक्रम में शामिल होंगे।



## राजनांदगांव जिले की समाजसेवी संस्था रीड यूथ सोसायटी का तीसरा वार्षिक बैठक का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य स्तरीय सामाजिक संस्था रीड यूथ सोसायटी राजनांदगांव जिले में लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न विषयों में सक्रिय योगदान दे रहे है। संस्था के सदस्य जिला प्रशासन राजनांदगांव एवं यूनिसेफ द्वारा संचालित युवोदय कार्यक्रम में भी शामिल होकर शिक्षा, पोषण, स्वच्छता जैसे अन्य विषयों में लगाते जन जागरूकता कार्य में योगदान दे रहे है। लगातार समाज सेवा के कड़ी को आगे बढ़ाने और विभिन्न गतिविधियों को व्यवस्थित तरीके से करने कार्य योजना एवं नवीन कार्य योजना तैयार करने प्रमुख प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान वर्ष भर के कार्यों की कार्य योजना तैयार किया गया। साथ ही बारिश के दौरान 1000 पौधा लगाने के संकल्प को पूरा करने का प्लान तैयार किया गया ।शिक्षा, पोषण स्वच्छता, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण के साथ साथ अन्य विषयों में जन जागरूकता कार्यक्रम को व्यवस्थित और विशेष जोर देकर कार्य करने की कार्य योजना तैयार किया गया। उक्त बैठक में संस्था के अध्यक्ष श्री विनोद टेम्बुकर जी, संस्था के प्रदेश कार्यक्रम प्रबंधक तोरण पटेल, जितेंद्र साहू, प्रदेश तकनीकी प्रभारी चंद्रप्रकाश साहू एवं साहिल देवांगन उपस्थित रहे ।



nandgaon times JULAI-01-3.qxd 6/30/2025 11:58 PM Page 2



# रासायनिक खाद और बीज का संकट भाजपा सरकार का सुनियोजित षडयंत्र : शहर कांग्रेस

## एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन में जमकर गरजे कांग्रेसी, प्रदेश की भाजपा सरकार सुशासन का दिखावा कर जनता को ठगा, प्रति एकड़ 21 क्विंटल उर्वरक क्षमता कम करने खराब बीज दे रही सरकार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है शासन की लचर व्यवस्था के चलते यहां के कृषकों को समय पर न खाद-बीज नहीं मिल रहा है। जिसके कारण किसानों को कृषि कार्य में दिक्कतें आ रही है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता कराना था किन्तु सहकारी समितियों में खाद-बीज अनुपलब्धता से किसान हताश और परेशान है। किसानों की इन गंभीर समस्या को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी निर्देशानुसार पर ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन कर रासायनिक खाद-बीज उपलब्ध कराने की मांग की गई। धरना-प्रदर्शन का संचालन करते हुए दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सूर्यकांत जैन ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशानुसार सोमवार 30 जून को ब्लॉक अध्यक्षद्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व अंहिसा के पुजारी महात्मा गांधी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर धरना-प्रदर्शन का शुभारंभ किया।

धरना-प्रदर्शन को संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, श्रीकिशन खंडेलवाल, प्रवक्ता रूपेश दुबे, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, गोपीचंद गायकवाड़, जयनारायण सिंह, महामंत्री झम्मन देवांगन, अमित चंद्रवंशी, नासिर जिंदरान, संतोष पिल्ले, मदन साहू, पप्पु भैया, सुरेन्द्र देवांगन, डा.कुमार ने संबोधित किया। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि प्रदेश के सोसायटियों में रासायनिक खाद-बीज की



उपलब्धता नहीं होने के कारण किसानों को कृषि कार्य में दिक्कतें हो रही। डबल इंजन सरकार में प्रदेश के किसान, मजदूर, युवा हलाकान है। भाजपा सरकार से मांग करते है कि जल्द से जल्द किसानों को रासायनिक खाद-बीज उपलब्ध कराएं। सभा को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी कार्य कर रही है। डीएपी, यूरिया और अन्य रासायनिक खाद उपलब्ध न कराकर किसानों पर अन्याय कर रही है। जो बीज किसानों को दे रही है वही भी घटिया क्वालिटी की है। मूलता बात यह है कि सरकार जानती है कि डीएपी खाद से पैदावार उर्वरक क्षमता बढ़ती है जिससे एक एकड़ में 60 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होती है परंतु सरकार चाहती कि फसल की पैदावार मात्र 30 प्रतिशत ही हो जिससे प्रति एकड़ पैदावर मात्र 14 से 15 क्विंटल ही फसल की पैदावर हो, ये षडयंत्र भाजपा सरकार कर रही है। वहीं प्रति एकड़ 21 क्विंटल उर्वरक क्षमता कम करने खराब बीज दे रही भाजपा सरकार जबकि हमारी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय कभी डीएपी खाद की कमी नहीं रही है। हमारी कांग्रेस सरकार के समय इस तरह कभी रासायनिक खाद की कमी नहीं रही दुर्भाग्य है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार किसान विरोधी नीति अपनाकर किसान भाईयों को छल रही है। इस दौरान प्रमुख रूप से रिखीराम साहू, शहर कांग्रेस महामंत्री फिरोज अंसारी, पार्षद छोटेलाल रामटेके, अमिन हुद्दा, अभिमन्यु मिश्रा, राजेश चौहान, निशा गुप्ता, महेश साहू, सुरेन्द्र गजभिए, अब्बास खान, सुनील रामटेके, प्रवीण मेश्राम, संदीप जायसवाल, राहुल देवांगन, परशुराम जायसवाल, सागर ताम्रकार, जलालुद्दीन निर्वाण, कुंजलाल साहू, राजा यादव, इशाक खान, रिषभ निर्मलकर, सूरज शर्मा, अजय छेदैया, विशाल गढ़े, राहुल गजभिए, नासिर खां, मोईन गोरी, दुर्गेश धीवर, सुनील यादव, भोला यादव, रफीक खान, राज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे। उपस्थित कांग्रेसजनों का उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने आभार व्यक्त किया।

## नाबालिग के अपहरण व दैहिक शोषण के मामले में आरोपी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** थाना झलमला क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका के अपहरण एवं उसके साथ दैहिक शोषण के प्रकरण में पुलिस ने त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थिया ने दिनांक 19.06.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर थाना झलमला में अपराध क्रमांक 06/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस. के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने 21वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में जीते 14 पदक

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** 30 जून 2025-21वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक अर्जित किए हैं। इनमें 02 स्वर्ण, 04 रजत एवं 08 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर कबीरधाम जिले के विजेता खिलाड़ियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कबीरधाम जिले की यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव की बात है,



16

## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से ओंकार साहू का घर हुआ रौशन


पदमराज सिंह ठाकुर

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना कबीरधाम जिले के उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत लाभान्वित हुए कवर्धा नगर के रामनगर निवासी श्री ओंकार साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह योजना उनके लिए आर्थिक और घरेलू समस्याओं से राहत का सशक्त माध्यम बनी है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में हर वर्ष बिजली की अधिक खपत के चलते उनका मासिक बिजली बिल 1500 से 2500 रूपए तक पहुँच जाता था, जिससे आर्थिक भार झेलना पड़ता था। साथ ही, लगातार और लंबे समय तक बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई और घर के अन्य जरूरी कार्य प्रभावित होते थे। लेकिन प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत ऑनलाइन आवेदन किया और अपने मकान की छत पर सोलर पैनल लगवाया।



## केशव दास वैष्णव को वैष्णव समाज ने श्रद्धांजली दी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वैष्णव समाज ने केशव दास वैष्णव दुर्ग के 24/06/2025 मंगलवार को आकस्मिक नि:धन पर ईश्वर से मृतात्मा की शांति एवं परिजनो को दु:ख सहन करने की शक्ति देने दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजली देकर ईश्वर से प्रार्थना की। केशव दास वैष्णव दुर्ग ने अपने पीछे पत्नी रूमखणी वैष्णव पुत्र सुशील वैष्णव पुत्रवधु उपासना वैष्णव (अभिनेत्री), सुनील वैष्णव (अंतर्राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टर चैम्पियन) पुत्रवधु सुनीता वैष्णव, नातिन सुयश वैष्णव, शशांक वैष्णव सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए । श्रद्धांजली देने में वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के. वैष्णव, महासचिव रजनीश वैष्णव, प्रदेश युवा अध्यक्ष राघवेन्द्र वैष्णव, उपाध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव, विनीत वैष्णव, अर्जुन वैष्णव, संजय वैष्णव, शिव वैष्णव, दुर्गेश वैष्णव, रमेश वैष्णव, सुरेश वैष्णव, कमल वैष्णव, नारायण वैष्णव, जगदीश वैष्णव, भोला वैष्णव, मुकेश वैष्णव, संजय वैष्णव, कन्हैया वैष्णव, राधे मोहन वैष्णव, पारस वैष्णव, मनोज वैष्णव, राकेश वैष्णव, मुरली वैष्णव सहित बड़ी संख्या में वैष्णवजन श्रद्धांजली सभा में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी महासचिव रजनीश वैष्णव ने दी।



# मन की बात में बोले पीएम आपातकाल में लोगों को प्रताड़ित किया गया- अरविन्द राजपूत

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अति लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 123 वें एपिसोड को भाजपा नेता एवं भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द सिंह राजपूत ने अपने निवास पर सुना, उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की ऊर्जा से भरे हुए हैं। यह 10 साल पहले शुरु हुआ था और आज पूरी दुनिया में छा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग,आपातकाल के साथ ही विभिन्न प्रान्तों में व्यक्तिगत कार्यों से अपना व समाज तथा राष्ट्र के लिए योगदान देने वालों की सराहना किया। पीएम मोदी ने कहा, धार्मिक यात्राएं मे लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू हुई है। हिंदू, बौद्ध, जैन परंपरा में कैलाश को श्रद्धा का केंद्र



माना गया है। जब कोई तीर्थयात्रा पर जाता है तो एक भाव मन में आता है, चलो बुलावा आया है। यही भाव हमारी धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। मन की शुद्धि का, आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ-साथ प्रभु से जुड़ने का माध्यम है। मन की बात कार्यक्रम में बताया कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' यानी WHO ने भारत को ट्राकोमा फ्री घोषित कर दिया है। अब भारत ट्राकोमा मुक्त देश बन चुका है। इसे देशवासियों की मेहनत बताया, जिन्होंने बिना थके, बिना रुके, इस बीमारी से लड़ाई लड़ी। देशवासियों से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए भी कहा। प्रधानमंत्री ने मन की बात में बोडोलैंड का जिक्र किया उन्होंने बताया कि बोडोलैंड तीन हजार से ज्यादा टीमें और 70 हजार से ज्यादा खिलाड़ी फुटबॉल खेल रहे हैं। देश के यूनीक प्रोडक्ट की बात करते हैं। तेलंगाना की महिलाएं पहले खेतों में मजदूरी करती थीं, जो आज मिलेट्स से बिस्किट बना रही हैं।

## नीरज विद्या मंदिर में रोपे गए फलदार पौधे



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम), मोहड़ में पिछले दिनों औषधीय और फलदार पौधे रोपे गए। संस्था के डायरेक्टर इंजी. श्री नीरज बाजपेयी की मंशा के अनुरूप विद्यालय की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति शाला परिसर में विविध औषधीय पौधे लगाए गए। निकट भविष्य में यही पौधे दूरगामी परिणाम देंगे। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण की स्वच्छता के लिए वृक्ष अनिवार्य होते हैं। उन्होंने बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता जताते हुए प्रत्येक विद्यार्थी से हर वर्ष एक बहुउद्देशीय पौधा रोपने और उसकी देखभाल करने का आहवान किया। संस्था प्राचार्या सुश्री जहान ने फलदार पौधे लगाते हुए कहा कि जिस तरह हम अपनी माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं उसी सम्मान को हम उनके नाम पर एक पौधा लगाकर भी प्रदर्शि्त कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने हाथों से तरह-तरह के फूलदार और फलदार पौधे लगाए। विद्यालय के प्रशासक श्री जी राम सिन्हा ने परिसर में रोपे गए पौधों की देखभाल के लिए उचित व्यवस्था का संकल्प दोहराया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

## गायत्री स्कूल में अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 21 जून 2025 को जेएलएम गायत्री विद्या पीठ (सीजी अंग्रेजी माध्यम) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के साथ वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों शिक्षिकाओं ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने योग के महत्व को समझा योग हमारे लिये क्यों आवश्यक है इस की जानकारी छात्रों को दी गई। योग से हमारी जीवन शैली स्वस्थ होती है। इसके साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। षाला की प्राचार्य श्रीमती पिंकी खंडेलवाल जी ने इस वक्तव्य में कहा कि सरकार द्वारा चलाए गए अभियान ज्एक पेड़ माँ के नामज् को पूर्ण करने हेतु हमारी षाला के अध्यक्ष, प्रबंधन समिति, षिक्षक-षिक्षिकाओं एवं छात्रों ने षाला प्रांगण के चारों ओर वृक्षारोपण करके इसे सफल बनाया। पृथ्वी को हरा-भरा बनाने हेतु सभी छात्रों को समझाया गया कि वृक्षारोपण करना हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर गायत्री षिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिषोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेष जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोशाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह-सचिव श्री निकुंज सिंघल, संरक्षक श्री नंदकिषोर सुरजन, श्रीमती सुशमा सुरजन, श्री हरीष गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, ऐकेडमी हेड श्री अमित उत्तलवार, प्रषासक श्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती पिंकी खंडेलवाल, उपप्राचार्य श्रीमती वंदना डुंभरे एवं मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा के मार्गदर्षन में आयोजित किया गया।



# आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 57 दीक्षा दिवस महोत्सवपर किया पौधरोपण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिनांक 30 जून 2025 असाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी शुभ रविवारीय, 1008 श्री मुनि सुब्रतनाथ प्रभु भगवन के परम आशीर्वाद से श्री सौभाग्यम तीर्थ प्रणेता श्री 105 आर्यिका गणिनीप्रमुख, वाणी सिद्धिदात्री सौभाग्य मति माताजी के आदेश अनुरूप आ समाधि सम्राट संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 57 दीक्षा दिवस महोत्सव है। आचार्य श्री जी के दीक्षा दिवस महोत्सव पर विशेष 57 वृक्ष रोपण संस्कार आज दिनांक 30 जून 2025 असाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी शुभ रविवारीय, 1008 श्री मुनिसुब्रतनाथ प्रभु भगवन के परम आशीर्वाद से श्री सौभाग्यम तीर्थ प्रणेता श्री 105 आर्यिका गणिनीप्रमुख, वाणी सिद्धिदात्री सौभाग्य मति माताजी के आदेश



अनुरूप राजनांदगांव के समीप ठाकुरतोला स्थिति तीर्थ निर्वाण में अतिथि प्रमुख पूर्व कैबिनेट मंत्री खूब चंद पारख ( छत्तीसगढ़), ट्रस्टी जन श्री सौभाग्यम तीर्थ क्षेत्र श्री संतोष काला, मनीष सोगानी, मनीष बडजात्या, सुबोध छाबड़ा, धमसैया सुधेश जैन, धमसैया राकेश जैन, अशोक झाँझरी, विक्की झाँझरी, संदीप लोहाडिया, संजीव कासलीवाल, आदर्श महिला मंडल राजनांदगांव, पार्षद रानू जैन पूर्व नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु ,समाज सेवी नेमीचंद बैद जैन समाज के जनमान्य गण के उपस्थित रहे , जिसमे सभी के सहयोग से द्वारा वृक्षारोपण किया गया है। जो कि विभिन्न प्रकार के वृक्ष जिसमे नीम, जामुन, तेज पान, मौलश्री, आम, अशोक, प्रमुख औषधि प्रकार के रोपण किये गए है।

# किंशन शोरी जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में प्रवेश हेतु चयनित

### सुदूर वनांचल के ग्राम मड़ियानवाड़वी के होनवार विद्यार्थी के इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अंचल में हर्ष व्याप्त

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मोहला-मानपुर एवं अंबागढ़ चैकी जिले के मोहला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल एवं जिले के अंतिम सीमा पर स्थित आदिवासी बहुल तथा सुविधाविहीन ग्राम मड़ियानवाड़वी के अत्यंत होनहार विद्यार्थी किंशन शोरी का शिक्षा सत्र 2025-26 में जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयनित हुआ है। जिले के सुविधाविहीन एवं दूरस्थ क्षेत्र के एक बहुत ही साधारण परिवार के इस होनहार विद्यार्थी के जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल जैसे अत्यंत प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में चयन होने पर अंचल में हर्ष व्याप्त है। अंचलवासियों ने छात्र किंशन की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि छात्र किंशन शोरी के पिता श्री लखन शोरी पटवारी के पद पर अंबागढ़ चैकी तहसील के कौड़ीकसा हल्का में पदस्थ है। इसके अलावा वे पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष के अलावा आदिवासी समाज के प्रमुख पदों का भी निर्वहन कर रहे हैं। किंशन एवं उनका परिवार बहुत ही सामान्य परिवार से ताल्लुक रखते है। उनके पिता श्री लखन शोरी घोर गरीबी एवं कठिनाईयों का सामना करते हुए आज इस मुकाम पर पहुँचे हैं। किंशन के इस उपलब्धि के पीछे उनके पिता श्री लखन शोरी एवं उनके परिवार के कठोर मेहतन, समय का सदुपयोग एवं शिक्षा के प्रति असीम अनुराग का प्रतिफल है। छात्र किंशन के इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना करते हुए अंचल के लोगों ने कहा कि शिक्षा के प्रति अनुराग तथा निरंतर मेहनत, समय का सदुपयोग एवं सकारात्मक सोच, तमाम विपरित परिस्थितियों के बाद भी व्यक्ति को जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्रदान कर सकती है।



**शुभांक**

**1-3-4**

**145-0 349-4**

**भाग्यांक**

**568-9 468-8**

**नाम परिवर्तन**

मैं कौशिल्या सिलाता पति तिलोचन सिलाता जाति-कंवर, ग्राम-दाऊटोला, तहसील- अ. चौकी जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ0ग0) का निवासी हूं, जो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश कौशल्या तीलोचन चंद्रवंशी पति तिलोचन सिलाता दर्ज हैं जिसे सुधार कर कौशिल्या सिलाता पति तिलोचन सिलाता दर्ज किया जावे।

कौशिल्या सिलाता
पति तिलोचन सिलाता
ग्राम-दाऊटोला, तहसील- अ. चौकी
जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी
(छ0ग0)

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला राजनांदगांव (छ..)**

- ईश्तहारः-

रा.मा.क्र.बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिलोचन बघेल आ. स्व. परस बघेल निवासी शहर / ग्राम पचपेड़ी प.ह.नं. तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी.द्वारा अपने पिता स्व. परस बघेल आ. कोन्दा बघेल के मृत्यु प्रमाण पत्र की माँग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक के 06/04/1981 को स्थान पचपेड़ी पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 04/072025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक हे माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दाबा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 24/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांकः- 24/06/2025**
**सुनवाई दिनांकः- 04/07/2025**

**सील** **कार्यपालिकदंण्डाधिकारी खैरागढ़**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग)**

- ईश्तहारः-

रा.मा.क्र.बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डिगम्बर लाल यादव आ. स्व. भंगूराम राम यादव निवासी शहर / ग्राम खैरागढ़ प.ह.नं. तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी.द्वारा अपने पिता स्व. भंगुराम आ. जगदेवराम यादव के मृत्यु प्रमाण पत्र की माँग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 29/09/1994 को स्थान खैरागढ़ पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 11/07/2025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक हे माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दाबा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 30/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांकः- 30/06/2025**
**सुनवाई दिनांकः- 11/07/2025**

**सील** **कार्यपालिकदंण्डाधिकारी खैरागढ़**

## ज्ञान मंथन

*1) वधावन ग्रीनफील्ड पोर्ट किस राज्य में विकसित किया गया है?*
*2) हाल ही में खबरों में देखे गए सोपस्टोन किस प्रकार की चट्टान है?*
*3) टाइफून मिसाइल सिस्टम किस देश द्वारा विकसित किया गया था?*
*4) एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की झील कौन-सी है?*
*5) आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफद ईयर 2024 के लिए प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) महाराष्ट्र (2) रूपांतरित चट्टान (3) संयुक्त राज्य अमेरिका (4) चिल्का झील (5) जसप्रीत बुमराह===

# निगम के 3 कर्मचारी सेवानिवृत्त, सहायक राजस्व अधिकारी, लाईनमेन एवं मजदूर पद से सेवानिवृत्त कर्मचारियो को आयुक्त की उपस्थिति में दी गई भावपूर्वक बिदाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम में कार्यरत सहायक राजस्व अधिकारी श्री जगीनराम चंद्रवंशी सहित लाईनमेन श्री भागीरथी साहू तथा मजदूर श्रीमती कन्ना बाई सोनाऊराम बंजारे आज अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए जिन्हें निगम सभागृह में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावपूर्वक बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व श्री दीपक खाण्डे द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।





बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि हम आप लोगो के आभारी है कि आपने अपने जीवन का बहुमूल्य समय निगम में परिवार की तरह व्यतीत कर अपने कार्यो का निष्ठापूर्वक ईमानदारी से निर्वाहन किया। उन्होंने कहा कि निगम एक ऐसा कार्यालय है जहॉ सभी विभाग में काम करने का अनुभव होता है और अच्छा कार्य कर उदाहरण पेश करते है, जिससे उनके अनुभव का लाभ उनके अधिनस्थ कर्मचारियो को मिलता है। उन्होने कहा कि लंबे समय तक सेवा देने के कारण अपने पारिवारिक दायित्वो का अच्छी तरह से निर्वाहन नही हो पाता, चुकि अब आप सेवानिवृत्त हो रहे है तो अपने पारिवारिक दायित्वों का भी बखुबी निर्वाहन करे, मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅ। सहायक राजस्व अधिकारी श्री जगीनराम चंद्रवंशी ने सभी अधिकारी कर्मचारियो को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नगर निगम में बहुत कम समय कार्य करने के लिए मिला, लेकिन राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभाग में आप लोगो के सहयोग से अच्छा कार्य किया। उन्होंने कहा कि डिमाण्ड दुरूस्त करने, राजस्व वृद्धि करने कर्मचारियो को प्रेरित किया और सभी ने सहयोग कर कार्य किया, जिसे मै कभी भूला नही पाउंगा। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके एवं श्री दीपक खाण्डे ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर ये कर्मचारी आज शासन नियमों के तहत सेवानिवृत्त हो रहे है। इन्होंने लंबे समय तक अपने कार्यो का कुशलता से निर्वाहन किया, यह हम सबके लिए अनुकरणीय है। बिदाई समारोह का संचालन व आभार प्रदर्शन प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर प्र.सहायक अभियंता श्री वसीम खान, सहायक लेखाधिकारी श्री राकेश नंदे,प्र.सहायक राजस्व अधिकारी श्री अशोक चौबे सहित अधिाकरी कर्मचारी उपस्थित थे।

# विस अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से 242.80 करोड़ की लमती फीडर डैम परियोजना को मिली स्वीकृति, 41 गांवों की खेती को मिलेगा नया जीवन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव जिले के किसानों के लिए आज का दिन अत्यंत गर्व और उम्मीद से भरा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के सतत प्रयासों और पहल से 242.80 करोड़ रुपए की लागत से लमती फीडर डैम के माध्यम से कुल 41 गांवों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे हजारों किसान परिवारों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है।

इस महत्वाकांक्षी योजना से खैरागढ़, छुईखदान और गंडई क्षेत्र के 2 गांवों के साथ-साथ राजनांदगांव जिले के 39 गांवों को सीधे लाभ मिलेगा। इन 39 गांवों में से 10 गांव अत्यंत सूखाग्रस्त घोषित हैं, जहां किसानों को लंबे समय से जल संकट का सामना करना पड़ रहा था। इन सूखाग्रस्त गांवों में बम्हनी, धनगांव,



सुकुलदैहान, गातापार, बागतराई, डिलापहरी, धर्मापुर, ढाबा, बरगाही और लिटिया शामिल हैं। डॉ. रमन सिंह जी ने इस योजना के स्वीकृति को राजनांदगांव जिले सहित समूचे अंचल के किसानों के लिए महत्वपूर्ण फैसला बताया और कहा कि 卐यह सिर्फ सिंचाई योजना नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने की एक ठोस पहल है। मेरा सदैव प्रयास रहा है कि प्रत्येक गांव, प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचे और हर किसान के चेहरे पर संतोष की मुस्कान लौटे। इस डैम के निर्माण से 1840 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। इससे जहां धान, गेहूं, दलहन और सब्जियों की खेती को बढ़ावा मिलेगा, वहीं कृषि आधारित आजीविका पर आश्रित परिवारों को आर्थिक मजबूती भी मिलेगी। यह परियोजना न केवल जल संसाधन प्रबंधन में एक बड़ा कदम है, बल्कि च्समृद्ध गांव - सशक्त किसानज्ज् के संकल्प की दिशा में एक मजबूत आधारशिला है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने इस स्वीकृति के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है और विश्वास जताया है कि जल्द ही इस पर निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इस परियोजना के संबंध में जल संसाधन विभाग द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण परियोजना समिति के समक्ष किया गया। विभाग द्वारा समिति को यह अवगत कराया गया कि यह डैम परियोजना खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के खैरागढ़ तहसील एवं विकासखण्ड के ग्राम लछनाटोला के समीप, आमनेर नदी पर प्रस्तावित है।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम

**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर प्राचार्य महोदय श्री ए के यदु सर के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा संचालित किया गया । इस



कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को शराब ,अफीम , गांजा ,बीड़ी ,सिगरेट एवं ड्रग्स आदि के दुष्प्रभाव एवं दुष्परिणाम के प्रति जागरूक किया गया और जागरूकता अभियान चलाया गया । यह भी बताया गया कि नशा आज नाश का कारण बन गया है। आज गांव हो या शहर हो छोटे-छोटे युवा वर्ग भी नशीले पदार्थों के सेवन से इस दलदल में फंसते चले जा रहे हैं । छात्र-छात्राओं को स्वयं तथा परिवार और आसपास के लोगों को नशे से दूर रहने के लिए आह्वान भी किया गया । आज नशे से दूर रहने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्वयं को करना है । अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा शपथ दिलवाया गया और इसके लिए जागरूकता अभियान अपने गांव अपने आसपास चलाने हेतु प्रेरित किया गया । इस जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय श्री अशीम कुमार यदु, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, श्रीमती सरोज भुवार्य, थंगेश्वर कुमार साहू ,राजेश कुमार नेताम ,जितेंद्र कुमार कश्यप ,नोहर दास लीलहारे , पालक राम वर्मा, आदि सभी की उपस्थिति रही ।

## शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय की द्वितीय प्रवेष सूची जारी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्2025-26 में स्नातक स्तर के बी.ए., बी. कॉम, बी.एस.सी. (बायो/गणित), बी.सी.ए., डी.सी.ए. प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) में ऑनलाईन पद्धति से प्रवेश फार्म भरने हेतु महाविद्यालय के वेबसाइटके माध्यम से दिनांक 15/06/2025 तक निर्धारित की गई थी। महाविद्यालय में आनलाईन प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रथम प्रवेश सूची जारी किये गये थे। अंतिम तिथी पश्चात शेष रिक्त सीटों के लिए दिनांक 27.06.25 को द्वितीय प्रवेश सूची जारी की गई हैं । जिसके अनुसार बी.ए.प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 62.6 अपिव में 61 तथा अजा. में 51 प्रतिशत तक गई है। बी.कॉम.प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 71.8 अपिव में 65.4 अजजा में 50.8 तथा अजा. में 51 प्रतिशत तक गई है। बी.एस.सी. गणित प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 59.4 अपिव में 50.4 प्रतिशत अजजा में 49.0 तक गई है। बी.एस.सी. बायो ( सीबीजेड ) प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 70.6 अपिव में 69 प्रतिशत, अजा 47 एवं अजजा 36 प्रतिशत तक गई है एवं बी.सी.ए. प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 63.2 अपिव में 62.4 अजजा में 55.6 तथा अजा. में 52.6 प्रतिशत तक गई है। जिसका अवलोकन महाविद्यालय के मइपजम. ुण्हकबतणंबण्पद पर तथा महाविद्यालय के सूचना पटल पर कर सकते है। निर्धारित तिथि तक विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र की हार्ड कापी लेकर सत्यापन कराना होगा, तत्पश्चात् निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। निर्धारित तिथि का उल्लेख प्रवेश सूची के साथ किया गया है। प्रवेश सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत/समस्या हो तो विद्यार्थी निर्धारित तिथि से पूर्व प्रवेश समिति से संपर्क कर सकते है।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईव्हीएम वेयरहाऊस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा ईव्हीएम वेयरहाऊस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ईव्हीएम के रखरखाव, भवन में बारिश से सीपेज, सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म, अग्निशामक यंत्र सहित सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को वेयरहाऊस में उपलब्ध ईव्हीएम एवं वीवीपैट की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी से श्री रघुवीर सिंह वाधवा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्री कमलजीत सिंह (पिंटू), उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री हितेश्वरी बाघे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षा ही समाज और व्यक्ति के विकास की कुंजी है

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कोशासकीय प्राथ. एवं पू.मा. शाला देवादा में शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। सभी गुरुजनों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक व पुष्पहार से स्वागत किया गया। सभी बच्चों को गणवेश, पुस्तकें और स्टेशनरी नि:शुल्क वितरित की गई। कार्यक्रम की



शुरुआत दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत और नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता और शिक्षकों पर विश्वास जताया। सरपंच श्रीमती लक्ष्मी दुर्गेश साहू ने न्योता भोज व शैक्षिक सामग्री भेंट की। नवाचारी पहल की साथ ही रोहन साहू पिता राजू साहू पूर्व सरपंच कोपेडीह द्वारा फोटो कॉपी प्रिंटर मशीन शाला परिवार को भेंट किया। जिन्हे शाला परिवार द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती वेदना गोपी देशमुख, राम देशमुख उपसरपंच,एवं प्रयास मित्र मंडल एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण,गांव के नागरिकों,पालकों और अतिथियों ने उत्सव की गरिमा बढ़ाई। प्रधान पाठक कन्हैया लाल साहू एवं आई. के. मानिक एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाए। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित साहू ने किया। यह आयोजन शिक्षा के प्रति जागरूकता और सरकारी स्कूलों पर विश्वास बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा।

# वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दिनांक 28 एवं 29 जून 2025 (शनिवार एवं रविवार) को नई सोच सामाजिक संस्था, ग्राम गिधवा द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम गिधवा स्थित शीतला मंदिर तालाब के किनारे, मुक्तिधाम परिसर एवं गौठान क्षेत्र के आसपास संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 55 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इनमें बरगद, पीपल, बादाम, गुलमोहर एवं बेल जैसे पौधे प्रमुख रूप से शामिल रहे। इन पौधों का चयन इस उद्देश्य से किया गया कि वे न केवल ग्राम की हरियाली बढ़ाएँ, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने और भविष्य में फल व छाया प्रदान करने में भी सहायक सिद्ध हों। वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ ग्राम के नागरिकों, युवाओं एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर श्रमदान किया और रोपित



पौधों की सुरक्षा व देखरेख की जिम्मेदारी स्वयं ली। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित सदस्यों में बालाराम साहू, नरेश साहू, पुकेन्द्र साहू, यलसिंग वर्मा, राजकुमार साहू, लक्ष्मीनारायण, विपिन मूढ़ेल, मुन्ना सेन, चंद्रभूषण साहू, प्रमोद साहू, पेमुराम साहू, हार्दिक साहू, लीलाधर साहू, थानसिंग साहू, नीलेश्वर साहू, केतन साहू, सुधीर, धनंजय साहू, लेमन, भरत, मिथलेश, ओमप्रकाश, मोटू, तुषार, मोनू, गुलशन, धर्मेंद्र, डिलेश्वर, बालेश्वर, वंश, चिरंजीव एवं शिवम शामिल रहे। ग्रामवासियों ने इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक व पर्यावरणीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम ग्राम के प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण की दिशा में एक सकारात्मक एवं अनुकरणीय प्रयास साबित हुआ।

## धर्म समाचार....

# सावन के महीने में घर ले आएं ये 4 चीजें, पैसों से जुड़ी हर परेशानी होगी दूर





सनातन शास्त्रों में निहित है कि जलाभिषेक से देवों के देव महादेव प्रसन्न होते हैं। जलाभिषेक के बिना भगवान शिव की पूजा अधूरी मानी जाती है। अत: सावन सोमवार पर देवों के देव महादेव का अभिषेक किया जाता है। साधक शिव जी का आशीर्वाद पाने के लिए सावन महीने में रोजाना शिवजी की पूजा एवं भक्ति करते हैं। भगवान शिव को सावन का महीना बेहद प्रिय है। सावन से लेकर कार्तिक महीने तक सृष्टि का संचालन देवों के देव महादेव करते हैं। इस दौरान भगवान शिव और मां पार्वती की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही सावन सोमवार का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक पर शिव-शक्ति जी की विशेष कृपा बरसती है। ज्योतिष शास्त्र में सावन महीने में विशेष उपाय करने का विधान है। इन उपायों को करने से साधक के जीवन में व्याप्त सभी परेशानी दूर हो जाती है। अगर आप भी आर्थिक संकटों से निजात पाना चाहते हैं, तो सावन के महीने में ये चीजें घर ले आएं। आइए जानते हैं- अगर आप वास्तु दोष से निजात पाना



चाहते हैं, तो सावन महीने में महामृत्युंजय यंत्र घर पर जरूर ले आएं। आप चाहे तो सावन सोमवार के दिन भी महामृत्युंजय यंत्र ला सकते हैं। इसके बाद विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा कर घर में महामृत्युंजय यंत्र स्थापित करें। इस उपाय को करने से हर परेशानी दूर हो जाती है। अगर आप पैसों से जुड़ी परेशानी से निजात पाना चाहते हैं, तो सावन के महीने में चांदी से निर्मित नंदी घर ले आएं। सोमवार के दिन नंदी को घर में स्थापित करें। भगवान शिव की सवारी नंदी को घर में स्थापित करने से जीवन में व्याप्त हर परेशानी दूर हो जाएगी। आप चाहे तो नंदी को घर की तिजोरी में रख सकते हैं। अगर आप भगवान शिव की कृपा पाना चाहते हैं, तो सावन के महीने में अपने घर पर पारद शिवलिंग ले आएं। आप अपनी सुविधा के अनुसार सावन महीने में किसी दिन अपने घर पर पारद शिवलिंग स्थापित कर सकते हैं। इस समय गंगाजल या कच्चे दूध से भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से साधक पर शिव जी की कृपा बरसती है। साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है। अगर आप जीवन में विषम परिस्थिति से निजात पाना चाहते हैं, तो सावन महीने में डमरू घर लें आएं। अब विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा के समय डमरू बजाएं। इसके बाद पूजा घर में ही डमरू को रख दें। इस उपाय को करने से वास्तु दोष भी दूर होता है।

## 02 जुलाई तक इन राशियों पर बरसेगी महादेव की कृपा

ज्योतिषीय गणना के अनुसार सोमवार से लेकर बुधवार तक दो राशि के जातकों पर देवों के देव महादेव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से दोनों राशि के जातकों को जीवन में बदलाव देखने को मिल सकता है। जीवन में व्याप्त परेशानी दूर हो सकती है। सोमवार के दिन चावल आटा चीनी आदि चीजों का दान करें। देवों के देव महादेव की महिमा अपरंपार है। शिवजी के शरणागत रहने वाले साधकों को जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त संकटों से मुक्ति मिलती है। शास्त्रों में निहित है कि शिव जी की कृपा से आने वाली बलाएं भी टल जाती हैं। साधक श्रद्धा भाव से भगवान शिव की पूजा करते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो इन राशि के जातकों पर दो जुलाई तक देवों के देव महादेव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। आइए, इन भाग्यशाली राशियों के बारे में सबकुछ जानते हैं- कर्क राशि के स्वामी मन के कारक चंद्र देव हैं और आराध्य देवों के देव महादेव हैं। इस राशि के जातकों पर महादेव की असीम कृपा रहती है। उनकी कृपा से हर काम में सफलता मिलेगी। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आय में बढ़ोतरी होगी। मनी सेविंग करने में आप सफल होंगे। करियर को नया आयाम मिलेगा। आपके माध्यम से कई लोग रोजगार पाने में सफल होंगे। पार्टनर का प्यार मिलेगा। गुस्से पर कंट्रोल रखें। सोमवार के दिन दूध, घी, दही या गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करें। साथ ही सफेद चीजों का दान करें। सभी बिगड़े काम बन जाएंगे। देवों के देव महादेव की कृपा तुला राशि के जातकों पर भी बरसेगी। उनकी कृपा से यात्रा के योग बनेंगे। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। धन-संपत्ति में वृद्धि होगी। सभी प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। महंगी चीजें खरीदने की प्लानिंग कर सकते हैं। राजकीय सुख मिल सकता है। सरकारी मामलों में भी लाभ मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को भी लाभ मिल सकता है। कोई बड़ी रिस्पांसिबिलिटी मिल सकती है। परिवार में मंगल कार्य हो सकता है। रुके काम बनेंगे। मानसिक परेशानी दूर होगी। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। महादेव की कृपा पाने के लिए घी से भगवान शिव का अभिषेक करें। आप चाहे तो गंगाजल में सुगंध मिलाकर भी महादेव का अभिषेक कर सकते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

# स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉटपुट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# आज प्रदेश में शिक्षकों का महा हड़ताल, 1.80 लाख शिक्षक स्कूल छोड़कर उतरेंगे सड़कों पर

## साझा मंच के बैनर तले 146 विकासखंडों में होगा धरना प्रदर्शन, सरकार को चेतावनी-मांगें नहीं मानी तो करेंगे अनिश्चितकालीन तालाबंदी









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य में शिक्षक आंदोलित हैं। 1 जुलाई को प्रदेशभर के 146 विकासखंडों में 1 लाख 80 हजार शिक्षक स्कूलों से गैरहाजिर रहकर सड़कों पर उतरेंगे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करेंगे। शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में यह आंदोलन होगा, जिसमें राज्य के 23 से अधिक शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। शिक्षक मंच के संयोजक संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, केदार जैन, वीरेंद्र दुबे, विकास राजपूत और जाकेश साहू ने बताया कि यह आंदोलन शिक्षिका सोना साहू को मिले न्याय के अनुरूप पूरे प्रदेश के शिक्षकों को लाभ न मिलने के विरोध में है। मांग की जा रही है कि सभी पात्र शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से क्रमोन्नति वेतनमान मिले, एरियर की राशि दी जाए और पुरानी पेंशन बहाल की जाए।

**शिक्षकों को हो रहा है बड़ा आर्थिक नुकसान**

शिक्षक नेताओं कृष्ण कुमार नवरंग और राजनारायण द्विवेदी ने बताया कि सूरजपुर की शिक्षिका सोना साहू को उच्च न्यायालय के आदेश पर क्रमोन्नति वेतनमान और एरियर्स का लाभ मिला है, लेकिन अब तक सरकार ने समस्त शिक्षकों के लिए जनरल ऑर्डर जारी नहीं किया है। इससे हजारों शिक्षकों को हर माह 15 से 20 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है।

**डीएड धारियों को भी मिले पदोन्नति का अवसर**

भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि डीएड योग्यता धारकों को व्याख्याता और प्राचार्य पदों पर पदोन्नति दी जाए। इसके साथ ही वर्तमान युक्तियुक्तिकरण प्रक्रिया में 2008 के सेटअप का पालन नहीं हुआ हैए जिससे 57 हजार से अधिक शिक्षक पद समाप्त हो गए हैं।

**सरकार को दी खुली चेतावनी**

शिक्षक साझा मंच के नेताओं ने साफ कहा है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को हल्के में लिया, तो प्रदेशभर के स्कूलों में तालाबंदी होगी और सभी शिक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

**पहले भी जताया विरोध**

हड़ताल से पहले शिक्षक 15 से 30 जून तक काली पट्टी बांधकर स्कूल जाते रहे और शासन को शांत विरोध के जरिए चेताते रहे। लेकिन सरकार के उदासीन रवैये के चलते अब वे सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। साझा मंच ने सभी शिक्षकों से आंदोलन में 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है। संयोजक मंडल में शामिल प्रमुख नेताओं में संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, केदार जैन, वीरेंद्र दुबे, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलूंन भरतद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरे, राजकिशोर तिवारी, कमल दास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, धरम दास बंजारे, अनिल कुमार टोप्पो प्रमुख हैं।

## मंत्रिमंडल में लिए गए फैसले किसानों एवं जनता के हित में लाभकारी होंगे -- सचिन बघेल

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय का हृदय से स्वागत करते हुए कहा कि इससे किसानों में एवं जनता में हर्ष की लहर है, क्योंकि मंत्रिमंडल की बैठक में कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को बढ़ाया गया है, अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत ध्यान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन,मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। सचिन बघेल ने कहा कि करीब 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन तिलहन मक्का आदि फसल की खेती की जाती है तो उन्हें भी कृषक उन्नति योजना के तहत सहायता राशि प्रदान की जाएगी। श्री बघेल ने मंत्रिमंडल के इस निर्णय पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है।

## ड्यूटी के समय असुरक्षित महसूस करते शासकीय जिला अस्पताल के डॉक्टर और अन्य स्टाफ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय जिला अस्पताल के डॉक्टर और अन्य स्टाफ रात्रिकालीन ड्यूटी के समय अपने आप को असुरक्षित महसूस करते है। रात्रिकालीन ड्यूटी के समय लगभग रोज ऐसे मामले आते है, जिससे डॉक्टर और अन्य स्टाफ पर भय का वातावरण निर्मित रहता है। इस जिला अस्पताल में रात्रि के समय डॉक्टर और अन्य स्टाफ की सुरक्षा को लेकर कोई बंदोबस्त नहीं रहता। कल देर रात तो पुलिस विभाग के दो स्टाफ आपस में ही भीड़ पड़े। दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई।



शहर के बीच अस्पताल होने से फौरी तौर पर डॉक्टरी मुलाहिजा और अन्य घायल मरीज सीधे इसी अस्पताल में पहुंचते है। समय रहते अस्पताल प्रशासन और पुलिस प्रशासन रात्रि के समय सुरक्षा की व्यवस्था नहीं करते है, तो निश्चित ही अस्पताल में रात्रि के समय कोई बड़ी घटना घट सकती है।

# योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आज

## सांसद संतोष पांडे करेंगे शुभारंभ , विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह करेंगे पुरुस्कार वितरण

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला राजनांदगांव योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आगामी दिनांक 1 जुलाई,मंगलवार को स्थानीय गायत्री स्कूल में योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता रखी गई है।

जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने बताया कि योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सुबह 9:00 बजे गायत्री स्कूल में दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव जिले के लगभग 150 खिलाड़ी बच्चे भाग लेंगे।

चार विधाओं में आयोजित योगासन के खेल इस ओपन चैपियनशिप में होंगें। इसमें से चयनित खिलाड़ी संभाग,राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग अपनी योग्यता के आधार पर चयनित होकर भाग लेंगे। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 01 जुलाई मंगलवार सुबह 09 बजे सांसद श्री संतोष पाण्डे जी के मुख्य आतिथ्य में, श्री नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन मण्डल, हड्डस्त्र स्टेट सचिव मेजर सिंह,पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला शिक्षाधिकारी श्री प्रवास बघेल,समाजसेवी बृजकिशोर सुरजन, समाजसेवी अप्पू बोहरा, क्रीड़ाधिकारी टोप्पो अतिथियों द्वारा किया जायेगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा स्पीकर डा.रमन सिंह, हड्डस्त्र स्टेट अध्यक्ष जयंत भारती गोस्वामी, महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर नरेंद्र सर्वेश्वर भूरे होंगें। इस प्रतियोगिता की प्रभारी राकेश ठाकुर ने बताया प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, इस संबंध में एक बैठक मे राकेश ठाकुर, लक्ष्मण लोहिया,शैलेंद्र तिवारी, अम्लेंदु हाज़रा,प्रतिक चोपड़ा, शशि जानी एवम् हेमंत तिवारी , सौरभ खंडेलवाल शामिल हुए। खेल से जुड़े लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें। प्रतिक चोपड़ा ने जानकारी दी कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को इस बार ऑन लाइन किया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रतियोगिता के प्रचार प्रभारी अधिवक्ता अम्लेंदु हाज़रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।




**सुबह 09 बजे गायत्री विद्या पीठ, केशर नगर में दीप प्रज्वलन से होगा शुभारंभ**

## बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट का चुनाव 20 जुलाई को और मतगणना 21 जुलाई को.


**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ट्रस्ट मंडल की बैठक में 29 जून 2025 को उक्ताशय का प्रस्ताव पारित किया गया जिसमे श्री बम्लेश्वरी



मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ का निर्वाचन 20 जुलाई 2025 दिन रविवार को प्रातः 7 बजे से दोपहर 4 बजें तक होगा एवं मतगणना 21 जुलाई 2025 दिन सोमवार को प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगी । उक्ताशय की जानकारी ट्रस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 01 जुलाई 2025 को, प्रारंभिक प्रकाशन पर दावा एवं आपत्ति दिनांक 02 जुलाई 2025 को ट्रस्ट के कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से संध्या 4 बजे तक दिये जा सकेगे तथा प्राप्त दावा एवं आपत्तियों का निराकरण 03 जुलाई 2025 को किया जावेगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 04 जुलाई 2025 को किया जावेगा।

# ढोंगी-भोगी बाबा के राज परत दर परत उजागर

## एक साल में भर जाता था भोगी ढोंगी बाबा का पासपोर्ट, डिटेल खंगालने में जुटी पुलिस



**पुलिस ने तीन पासपोर्ट जब्त किए.**

**सीए से पूछताछ के लिए गोवा जाएगी टीम.**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ के कथित योग गुरु भोगी ढोंगी बाबा तरुण अग्रवाल उर्फ सोनू के यहां से पुलिस ने पासपोर्ट जब्त किए हैं बताया जाता है कि उसके पास से तीन पासपोर्ट मिले हैं. डोंगरगढ़ के करीबी सूत्रों की मानें तो सोनू का पासपोर्ट एक साल में पूरा भर जाता था. पुलिस ने जब इसका पासपोर्ट देखा तो वे भी हैरान रह गए। तीन पासपोर्ट में विदेश यात्राओं की जानकारी निकाली जा रही है. ये पासपोर्ट 36 पेज के हैं या 60 पेज के ? यह फिलहाल पुलिस ने स्पष्ट नहीं किया है, वहीं पुलिस के द्वारा यह जानकारी जुटाई जा रही है कि सोनू ने कहां-कहां यात्राएं की हैं और उनकी वजह क्या थी. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोवा में सोनू के सीए का नंबर जुटाया जा रहा है और इस केस को सुलझाने के लिए पुलिस टीम गोवा जाएगी और ढोंगी योगी बाबा के सीए से मिलकर संपत्ति की जानकारी ली जाएगी. उससे ढोंगी बाबा के लेनदेन से जुड़ी जानकारियां ली जायेगी. बताया जा रहा है कि बाबा का सीए गोवा में रहता है इसलिए वहां जल्द ही टीम भेजी जाएगी. इस पूरे मामले में और भी काफी महत्वपूर्ण तथ्य पुलिस को मिले हैं, जिनका खुलासा जल्द ही किए जाने का दावा किया जा रहा.

राजनांदगांव. डोंगरगढ़ में बनाया जा रहा आश्रम.

**पीसीओ चलाता था बाबा तरुण अग्रवाल उर्फ सोनू**

डोंगरगढ़ के करीबी सूत्र बताते हैं कि नगर में पहले सोनू पीसीओ चलाता था. इसके बाद उसने गोवा में जाकर बार टेंडर का काम शुरू किया और इसके बाद योग की शुरुआत कैसे हुई और कहां से उसने पैसा कमाया इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है. यह भी बताया जा रहा कि जब सोनू ने डोंगरगढ़ की 40 एकड़ जमीन छह करोड़ रुपए में खरीदी तब इसके खाते में करोड़ों रुपए थे।

**पुलिस अब विदेश यात्राओं की पूरी जानकारी जुटाएगी**

**कोर्स के लिए मोटी फीस चार्ज करता था कथित योग गुरु.**



क्रांति योगा वेबसाइट के अनुसार गोवा में विदेशियों को योगा सिखाने के नाम पर मोटी रकम चार्ज की जाती थी। उनके रुकने के हिसाब से उन्हें अच्छी-खासी फीस ली जाती थी। यहां पता चला है कि यूरो करंसी में ही 14 दिन रुकने के लिए कथित योग गुरु करीब सवा दो लाख रुपए चार्ज करते थे। यह ट्रेनिंग के लिए फीस रखी गई थी। इसमें अलग-अलग सेगमेंट शामिल हैं. डोंगरगढ़ में भी इसकी शुरुआत होनी वाली थी कि पुलिस का छापा पड़ गया। यहां एक हॉल और तीन कमरे बनाए गए थे। आश्रम निर्माण का कार्य चालू था।

**सीए से पूछताछ होगी, ताकि लेनदेन का ब्योरा मिल सके- जितेंद्र वर्मा थाना प्रभारी.**

इस मामले में डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा का कहना है कि आरोपी के पास से पासपोर्ट जब्त किए गए हैं, जिसे देखकर लगता है कि विदेश यात्रा काफी की गई है. मामले में बाबा के सीए पूछताछ की जाएगी जिससे बाबा के लेनदेन का ब्योरा पुलिस को मिल सके, इसके लिए टीम गोवा के सीए से संपर्क कर रही है.


सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092


प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com